669. निम्न में से कौन -सा स्थान 1920 के किसान आन्दोलनों के दौरान शेखावाटी के पंचपाणे ठिकानों में से एक नहीं था?

(a) डूँडलोद (b) मलसीसर
(c) मन्डावा (d) श्रीमाधोपुर

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (d) – वर्ष 1920 के किसान आन्दोलनों के दौरान शेखावटी में पांच प्रमुख ठिकाने जिन्हे 'पंचपाणे' कहा जाता था- डूँडलोद, बिसाऊ,मल्सीसर,मंडावा व नवलगढ़ थे, जबकि इसमें श्रीमाधोपुर एवं अलसीसर शामिल नही थे। जाट किसानों की बहुलता के कारण इसे जाट आन्दोलन भी कहा जाता है। लागबाग, लगान की अधिकता जागीरदारों के अत्याचार तथा प्रशासन की निष्क्रियता इस आन्दोलन के प्रमुख कारण थे।

670. 1883 में निम्न में से किस शहर में 'परोपकारिणी सभा' की स्थापना हुई?

(a) अजमेर (b) अलवर
(c) भरतपुर (d) उदयपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020
उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (d) – वर्ष 1883में स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा उदयपुर में 'परोपकारिणी सभा' की स्थापना की गयी। उल्लेखनीय है परोपकारिणी सभा की प्रथम स्थापना वर्ष 1880 ई. में मेरठ में की गयी थी। परोपकारिणी सभा का मुख्यालय अजमेर (राजस्थान) में है।

671. बेगू किसान आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?

(a) राम नारायण चौधरी
(b) विजय सिंह पथिक
(c) मोतीलाल पटेल
(d) हरि भाऊ उपाध्याय

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019
प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (a) – बेगू के किसानों ने लागबाग, बेगार, और ऊँचे लगान के विरूद्ध 1921 ई0 में मेनाल (भीलवाड़ा) नामक स्थान से आंदोलन की शुरूआत की जिसे बेगू (चित्तौड़गढ़) किसान आंदोलन कहा जाता हैं जिसका नेतृत्व रामनारायण चौधरी ने किया। किसानों और ठाकुर अनूपसिंह के मध्य एक समझौता हुआ जिसे बोल्शेबिक संधि कहा गया। बेगू किसानों की शिकायतों की जांच के लिए सरकार ने बंदोबस्त आयुक्त श्री ट्रेंच की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया।

672. 1932ई. राजस्थान का मेव किसान आंदोलन किसके नेतृत्व में प्रारंभ हुआ?

(a) प्रतापसिंह
(b) डॉ. मोहम्मद हादी
(c) अलवर महाराजा जयसिंह
(d) इनमें से कोई नहीं

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (b) – 1932 ई. में राजस्थान का मेव किसान आंदोलन डॉ. मोहम्मद हादी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ। इस आंदोलन का प्रमुख कारण 1923-24 में लागू भू- राजस्व बंदोबस्त से उत्पन्न असंतोष था। यह राजस्थान के मेवात क्षेत्र (अलवर एवं भरतपुर) में प्रारंभ हुआ था।

673. शेखावाटी किसान आंदोलन सन् 1947 में किसके प्रयासों से समाप्त हुआ?

(a) जमनालाल बजाज (b) जयनारायण व्यास
(c) माणिक्यलाल वर्मा (d) हीरालाल शास्त्री

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (d) – शेखावटी किसान आंदोलन सन् 1947 में 'हरीलाल शास्त्री' के प्रयासों से समाप्त हुआ। वर्ष 1925 में राजस्थान के शेखावटी क्षेत्र (सीकर एवं झुंझुनूं प्रशासनिक क्षेत्र) में एक किसान आंदोलन शुरू हुआ जिसने सरकार को उचित भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त प्रणाली बनाने के लिए प्रेरित किया।

674. सन् 1903 में किसने अपने जागीर क्षेत्र में 'चँवरी' कर लगाया, जिसे प्रत्येक को अपनी पुत्री के विवाह के समय देना अपेक्षित था?

(a) राव कृष्णसिंह (b) राव पृथ्वीसिंह
(c) केसरीसिंह (d) भूपसिंह

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) – बिजौलिया के ठिकानेदार राव कृष्ण सिंह ने सन् 1903 में किसानों पर चँवरी नामक कर लगाया। यह एक विवाह कर था जिसकी दर 5 रूपये थी। इसे प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के विवाह के समय देना अपेक्षित था। 1906 ई. में राव पृथ्वी सिंह ने तलवार बंधाई कर (उत्तराधिकारी शुल्क) किसानों पर लागू किया। ये कर बिजौलिया आंदोलन शुरु होने के प्रमुख कारण थे।

675. 'काँगड़ काण्ड' किस प्रजामण्डल आंदोलन के दौरान घटित हुआ-

(a) कोटा प्रजामण्डल (b) जयपुर प्रजामण्डल
(c) झालावाड़ प्रजामण्डल (d) बीकानेर प्रजामण्डल

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018
Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (d) – 'काँगड़ काण्ड' बीकानेर प्रजामण्डल आंदोलन के दौरान घटित हुआ। यह बीकानेर के किसान आंदोलन की महत्वपूर्ण घटना थी। वर्ष 1946 में अकाल की स्थिति होने के बावजूद भी जागीरदारों ने किसानों से कर वसूली का प्रयास किया था जिसके कारण किसानों ने विद्रोह कर दिया। यह आंदोलन जागीरदारों के अत्याचारों से उपजा स्वस्फूर्त किसान आंदोलन था।

676. निम्नलिखित में से किसने डूंगरपुर और बाँसवाड़ा में भील आंदोलन का नेतृत्व किया?

(a) दामोदर दास राठी (b) स्वामी गोविन्द गिरि
(c) अर्जुनलाल सेठी (d) जमनालाल बजाज

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (b) – गोविंद गिरि ने डुंगरपुर और बांसवाड़ा में भील आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया। गोविन्द गिरि का जन्म डूंगरपुर राज्य के बंसिया गांव में हुआ था। वे एक सामाजिक और धार्मिक सुधारक थे। 1833 ई. में इन्होंने भीलों को एकजुट करने के लिए 'सम्प सभा' का गठन किया।

677. भारत छोड़ो आन्दोलन के संचालन हेतु 'आजाद मोर्चा' का गठन कहाँ हुआ था?

(a) उदयपुर (b) बीकानेर
(c) जोधपुर (d) जयपुर

LDC Exam 12.08.2018